## सार-समाचार

### सर्जरी की बारीकियां सिखाई

**उदयपुर, (कासं)।** पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल के शल्य चिकित्सा विभाग द्वारा एक विशेष लाइव कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें इंदौर के प्रसिद्ध सर्जन डॉ.अशोक लड्ढा ने विभिन्न गुदा शल्य क्रिया तकनीकों को लाईव कार्यशाला के माध्यम से सर्जरी की बारीकियां प्रदर्शन किया। सर्जरी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. एच.पी.गुप्ता ने बताया कि इस कार्यशाला का उद्देश्य चिकित्सकों और छात्रों को नवीनतम शल्य चिकित्सा तकनीकों से अवगत कराना और उनके कौशल को निखारना है। कार्यशाला में डॉ. लड्ढा ने गुदा शल्य क्रिया से संबंधित अत्याधुनिक प्रक्रियाओं का लाइव प्रदर्शन किया और प्रतिभागियों के सवालों का विस्तारपूर्वक उत्तर दिया। डॉ.गुप्ता ने बताया कि इस कार्यशाला में एनोरेक्टल सर्जरी के लिए सेप्टा तकनीक द्वारा लोकल एनेस्थीसिया का उपयोग किया गया। जिससे मरीज को सर्जरी के बाद उल्टी,पीठ दर्द,मूत्र उवरोधन जैसी समस्याओं का कोई जोखिम नहीं होता है। कार्यक्रम में पेसिफिक मेडिकल विवि के प्रेसिडेन्ट डॉ.एम.एम.मंगल, पीएमसीएच के प्रिंसिपल एवं डीन डॉ.यू.एस.परिहार, डॉ.गौरव वधावन, डॉ.विश्वास जौहरी, डॉ.धवल शर्मा, डॉ.नवीन गोयल, डॉ.के.सी.व्यास, डॉ.एस.पी.चौहान सहित पीएमसीएच के वरिष्ठ चिकित्सकों, सर्जरी विभाग के विशेषज्ञों और पीजी के विधार्थीयों ने हिस्सा लिया। इस दौरान डॉ.एम.एम.मंगल ने कहा कि यह कार्यशाला चिकित्सा क्षेत्र में उन्नत तकनीकों को साझा करने और मरीजों को बेहतर इलाज प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। अंत में डॉ.अशोक लड्ढा को उनके बहुमूल्य योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

### के.के. गुप्ता ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

**डूंगरपुर, (निसं)।** स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण राजस्थान सरकार के कोऑर्डिनेटर के के गुप्ता ने प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पत्र लिखकर वर्षा जल का संचय और संरक्षण के विषय पर अपने विचार साझा किए हैं। पत्र में गुप्ता ने अवगत कराया कि डूंगरपुर जिले की समस्त ग्राम पंचायत में बने हुए तालाबों में साफ सफाई का अभाव है जिसके कारण पूरे तालाब के अंदर और आसपास के क्षेत्र में गंदगी का आलम है। तालाबों तक पहुंचने के मार्ग भी कंटीली झाडयां से अटे पडे हैं, जिस कारण वहां पहुंचना भी मुश्किल हो रहा है। तालाबों का सीमांकन नहीं है जिस वजह से तालाब का कैचमेंट एरिया ज्ञात नहीं है और अतिक्रमण किए जा रहे हैं। तालाबों के जल आवक मार्ग भी अवरुद्ध है। तालाब में जल कम रहने के कारण क्षेत्र के भूमिगत जल स्तर पर भी प्रतिकूल प्रभाव पडता है। उन्होंने कहा कि धरती में पानी पैदा नहीं होता, इसे संचय करना होगा, तभी धरती जलमग्न होगी तथा आम जीवन में जल की महत्वता को हम बहुत अच्छी तरह से जानते हैं। जल होगा तभी कल होगा नहीं तो आने वाले समय में हमें भारी समस्याओं का सामना करना पडेगा। जल को छोटे-छोटे तरीकों से संचय कर जीवन को सुरक्षित बनाने के लिए आवश्यक है। गुप्ता ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राइजिंग राजस्थान सबमिट कार्यक्रम में अपने संबोधन में कहा गया था कि प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करना आज के समय की बहुत बडी आवश्यकता है और इस हेतु जल संचय और जल संरक्षण करना हमारी सभी की जिम्मेदारी है।

### बर्ड फेस्टिवल के संबंध में हुई चर्चा

**उदयपुर, (कासं)।** उदयपुर जन्तुआलय विकास ट्रस्ट की बैठक गुरुवार को ट्रस्ट अध्यक्ष व संभागीय आयुक्त प्रज्ञा केवलरमानी की अध्यक्षता में आयुक्त कार्यालय स्थित सभागार में हुई। इसमें ट्रस्ट अंतर्गत संचालित अभ्यारण्य, बायोलॉजिकल पार्क, बर्ड पार्क, बाघदडा क्रोकोडाइल कंर्जवेशन एरिया आदि के लिए विशेषज्ञों की राय से विकास, संरक्षण एवं संवर्धन के विषय में चर्चा हुई। साथ ही आगामी 16 जनवरी से प्रस्तावित बर्ड फेस्टिवल के आयोजन के संबंध में एवं जनवरी माह में प्रस्तावित लॉयन सफारी के उद्घाटन के विषय में भी चर्चा हुई। संभागीय केवलरमानी ने कहा कि जनवरी माह में लॉयन सफारी के संभावित उद्घाटन को ध्यान में रखते हुए सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित कर लिए जाएं। इस दौरान लायन सफारी के शुल्क के संबंध में भी बैठक में मंथन हुआ, साथ ही बर्ड पार्क में चल रहे निर्माण कार्यो की भी चर्चा हुई। बैठक की शुरुआत में सदस्य सचिव उप वन संरक्षक देवेंद्र कुमार तिवारी ने आगंतुकों का स्वागत करते हुए गत बैठक कार्यवाही विवरण प्रस्तुत किया। साथ ही दिसंबर 2024 तक ट्रस्ट की आय-व्यय का ब्यौरा भी प्रस्तुत किया। तिवारी ने अवगत कराया सुविधाओं के विस्तार से इन स्थलों पर पर्यटकों की संख्या में आशान्वित बढ़ोतरी हुई है। बैठक में जिला कलेक्टर अरविंद पोसवाल, यूडीए आयुक्त राहुल जैन, सीसीएफ सुनील चिंद्री ने भी जिले में इको ट्यूरिज्म बढ़ाने के विषय में महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उप वन संरक्षक तिवारी ने बताया कि सज्जनगढ़ अभ्यारण्य में लॉयन सफारी को लेकर तकरीबन सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं तथा इसी माह सफारी की शुरूआत संभावित है। गुजरात से लाया गया एशियाई शेर व शेरनी का जोड़ा पूरी तरह से स्वस्थ हैं इसके अलावा बॉयोलॉजिकल पार्क में रेप्टाइल पार्क भी तैयार है। इसमें सांपों की कई दुर्लभ प्रजातियां पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र रहेंगी।

### चित्रकार वंडरा की प्रदर्शनी का समापन

**उदयपुर,(कासं)।** शहर के बागोर की हवेली कला वीथी में गुजरात ललित कला अकादमी के सहयोग से गुजरात के चित्रकार अंकित वंडरा पशु-पक्षियों पर आधारित प्रदर्शनी 'इन द वाइल्डरनेस' आर्ट एग्जीबिशन बागोर की हवेली में सम्पन्न हुई। इस प्रदर्शनी में प्राकृतिक परिवेश के बीच पशु-पक्षियों के जीवन चक्र, उनकी विशेषताएं एवं मानव जीवन से इनके संबंध को प्रदर्शित करती 52 पेंटिंग्स का अवलोकन करने आए दर्शकों, पर्यटकों व अतिथियों ने चित्रकार अंकित वंडरा की कला को सराहा। उदयपुर के पर्यावरण प्रेमियों सहित वर्ष के अंतिम दिनों में आए देशी-विदेशी पर्यटकों ने यह प्रदर्शनी देखी और सराहना की।अंकित ने बताया कि उन्हें बचपन से ही चित्रकारी करने का जुनून है। पशु और पक्षी से गहरा लगाव होने के कारण वे अपने कलाओं में इन्हें जरूर जोड़ते हैं। प्रदर्शनी में जानवरों के साथ अपनी भावनाओं को दिखाने की कोशिश की। चित्रों में एक्रेलिक, चारकोल, पेंसिल आदि का उपयोग किया। रंग-बिरंगे परिंदों के साथ वन्यजीवों की गतिविधियों पर विविध रंगों व रेखाओं के माध्यम से की गई अभिव्यक्ति ने आगंतुक दर्शकों को सम्मोहित सा कर दिया। स्व-शिक्षित, प्रकृति आधारित कलाकार वंडरा को बचपन से ही चित्रकारी करने का जुनून था, अंकित ने अपनी शिक्षा पूरी की और इंजीनियरिंग में स्नातकोत्तर की डिग्री हासिल की। हालांकि, इसके तुरंत बाद ही अंकित को एहसास हुआ कि उनका असली जुनून कला में है। वह विविध सामग्री पर विभिन्न माध्यमों जैसे ऐक्रेलिक, चारकोल, पेंसिल आदि का उपयोग करते हैं। उनकी रचनाएँ माँ-प्रकृति से प्रेरित हैं। अंकित ने पिछले तीन वर्षों में समूह और एकल प्रदर्शनियों में भाग लेकर दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया है।

### दूसरे दिन हुए रोमांचक मुकाबले

**डूंगरपुर, (निसं)।** शहर के लक्षण मैदान में आयोजित हो रही सरदार पटेल प्रीमियर लीग के दूसरे दिन रोमांचक मुक़ाबले देखने को मिलें। जिसमें अतिथि के रूप में उपसरपंच कमलेश पाटीदार मनपुर, कवि सुनील पटेल, वल्लभराम पाटीदार उपरगांव, विकास रणौली, चेतन पाटीदार, गहरीलाल पाटीदार, पार्षद डायालाल पाटीदार रहे। पहला मैच खेड़ा कच्छवासा और हरिओम जायंट के बीच खेला गया। जिसमें हरिओम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 197 रन का लक्ष्य दिया। जिसका पीछा करते हुए खेड़ा ने 186 रन ही बना पाई। दोनों पारियों में सर्वाधिक स्कोर जितेन्द्र ने 57 रन बनाये और अजय पाटीदार ने 3 विकेट लिए। मैन ऑफ द मैच शैंकी रहे। दूसरा मैच श्री राम रॉयल्स डूंगरपुर और डेजर्ट कैपिटल के बीच खेला गया। जिसमें श्री राम रॉयल्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 248 रन का लक्ष्य दिया। जिसका पीछा करते हुए डेजर्ट कैपिटल मात्र 114 रन ही बना पाई। दोनों पारियों में सर्वाधिक स्कोर आदित्य पाटीदार ने 73 रन बनाये और हितेश पाटीदार ने सर्वाधिक 4 विकेट लिए। मैन ऑफ़ द मैच आदित्य पाटीदार रहे।

### हत्या का एक और आरोपी गिरफ्तार

**बांसवाड़ा, (निसं)।** 50 लाख की बीमा राशि कराकर हत्या के मामले पर सदर थाना पुलिस से मामले में शेष आरोपी को गिरफ्तार किया वहीं एक नाबालिक को डिटेन करते हुए घटना में प्रयुक्त वाहन तथा हथियार जप्त किए हैं। कलिजंरा थानाधिकारी विक्रम सिंह ने सदर थाना अधिकारी बुद्धाराम को सूचना दी कि जीव पड़ा पहाडी कला मार्ग पर एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। इस मामले में पुलिस ने दो बहनों एवं एक प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया था। घटना में शेष आरोपी विनोद को आज गिरफ्तार कर लिया गया है वही मामले में एक नाबालिक को डिटेल भी किया गया है। इन लोगों ने घटना में प्रयुक्त स्टील पाइप को घटना कारित करने के कालीआमडी पुलिया से नदी में फेंक दिया था जिसे सिविल डिफेंस टीम लीडर रजत गुर्जर एवं सदस्य राजा महिला विनोद मीणा वीर सिंह निनामा राहुल गुर्जर विनोद बैठा राजेश आबरू मनीष पटेल रवि हरिजन एवं लक्ष्मण के सहयोग से निकलवा कर जप्त किया गया।

# 'जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए कृषकों को प्रोत्साहित करें'

**राजसमंद, (निसं)।** जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा एवं जिला परिषद सीईओ बृजमोहन बैरवा ने उद्यान विभाग की ओर से आयोजित कृषि एवं उद्यानिकी गतिविधियों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने डुमखेडा स्थित कृषक जगदीश गुर्जर के खेत पर अटल भूजल योजना के तहत चना मिनिकिट प्रदर्शन तथा खेत की मेड पर फलदार पौधा रोपण कार्यक्रम का अवलोकन किया। इसके साथ ही कृषक श्रवण कुमार जाट के जोधपुरा स्थित खेत पर निर्माणाधीन शेडनेट हाउस का निरीक्षण भी किया गया। इस अवसर पर जिला कलक्टर असावा ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे खेत तलाई निर्माण और जैविक खेती को बढावा देने के लिए कृषकों को प्रोत्साहित करें। जिला कलक्टर ने किसानों से अपील कर कहा कि वे कृषि और उद्यान विभाग की योजनाओं का पूरा लाभ अवश्य उठाएं, ताकि उत्पाद में वृद्धि हो सकें। उन्होंने किसानों को सरकारी योजनाओं के बारे में जागरूक किया और बताया कि इन योजनाओं के माध्यम से वे बेहतर कृषि तकनीकों, उन्नत बीज, खाद और सिंचाई सुविधाओं का उपयोग कर सकते हैं, जिससे उनकी फसलों की उत्पादकता में वृद्धि होगी।

■ **कलेक्टर ने किसानों को कृषि यंत्रीकरण और उन्नत उद्यानिकी कार्यों को अपनाने की सलाह दी, ताकि किसान आय बढ़ाकर आत्मनिर्भर बन सकें**



डुमखेडा स्थित कृषक जगदीश गुर्जर के खेत का अवलोकन करते जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा।

उन्होंने किसानों को जैविक खेती, कृषि यंत्रीकरण और उन्नत उद्यानिकी कार्यों को अपनाने की सलाह दी है ताकि किसान अपनी आय को बढा सकें और आत्मनिर्भर बन सकें। कलक्टर ने किसानों से आग्रह किया कि वे विभाग द्वारा प्रदान की जा रही सभी सुविधाओं का सदुपयोग करें और अपने जीवनस्तर को ऊंचा उठाएं।

उप निदेशक उद्यान हरिओम सिंह राणा ने बताया कि शेडनट कृषि क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण तकनीकी उपकरण है, जो विशेष रूप से फसल की सुरक्षा और वृद्धि के लिए उपयोगी होता है। यह कृषि में पौधों को अत्यधिक सूर्य की किरणों, तेज हवा और अधिक वर्षा से बचाता है, जिससे पौधों की जीवन शक्ति और उत्पादकता में सुधार होता है। शेडनट का उपयोग विशेष रूप से संवेदनशील फसलों के लिए किया जाता है, क्योंकि यह तापमान को नियंत्रित करता है और पौधों को जलन से बचाता है। इसके अलावा यह फसलों को कीटों और पक्षियों से भी सुरक्षित रखता है, जिससे कीटनाशकों का उपयोग कम होता है और जैविक खेती को बढावा मिलता है। शेडनट का उपयोग करने से फसलों का गुणवत्ता में सुधार होता है और उत्पादन में वृद्धि होती है, जिससे किसानों को बेहतर आर्थिक लाभ प्राप्त होता है।

इस दौरान संयुक्त निदेशक कृषि (वि) संतोष कुमार दुरिया, उप निदेशक उद्यान हरिओम सिंह राणा, कृषि अधिकारी गणपत लौहार व नन्दलाल रेगर, सहायक कृषि अधिकारी उद्यान प्रकाश चन्द पारीक और वरिष्ठ कृषि पर्यवेक्षक उद्यान मनोहर शंकर आचार्य उपस्थित थे।

## 'सड़क दुर्घटनाएं चिंता का विषय, जागरूकता के हो प्रयास'

**उदयपुर,(कासं)।** जिला कलक्टर अरविंद पोसवाल ने कहा है कि प्रतिदिन होने वाली वाली सड़क दुर्घटनाएं सबके लिए चिंता का विषय है। इनकी प्रभावी रोकथाम हेतु राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के दौरान विभिन्न विभाग आपसी समन्वय से सड़क सुरक्षा जागरूकता के संबंध में गतिविधियां आयोजित करें।

कलक्टर पोसवाल गुरुवार को केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय से प्राप्त निर्देशों के क्रम में 'परवाह'(केयर) थीम पर 1 जनवरी से 31 जनवरी तक देशभर में आयोजित हो रहे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के जिले में सफल एवं प्रभावी आयोजन हेतु विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं हितधारकों से चर्चा कर रहे थे। कलक्टर पोसवाल ने कहा कि आमजन को सड़क सुरक्षा के संबंध में जागरूक करने के लिए प्रभावी प्रयास किए जावें और निर्देशानुसार आईआरएडी सॉफ्टवेयर पर डाटा अपडेटकरें। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को ओवर स्पीडिंग एवं ड्रिंक एंड ड्राइव मामलों में भी प्रभावी अंकुश लगाने के निर्देश दिए और कहा कि सड़क मार्गो पर ब्लैक स्पॉट एवं तकनीकी खामियों में भी सुधार करते हुए सड़क दुर्घटनाओं को कम किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि देर रात्रि वाहन ना चलाने के संबंध में भी जागरूकता पोस्टर्स एवं प्रचार सामग्री प्रसारित की जाए, साथ ही शहर में चलने वाले वाहन चालकों द्वारा यातायात नियमों की पालना भी सुनिश्चित करवाएं। बैठक में प्रादेशिक परिवहन अधिकारी नेमीचंद पारीक ने विभिन्न विभागों द्वारा राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के दौरान आयोजित की जाने वाली गतिविधियों के बारे में जानकारियां दी। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) उमेश ओझा, जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक ननिहाल सिंह, डिप्टी सीएमएचओ अंकित जैन समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं हितधारक मौजूद रहे।



राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के संबंध में आयोजित बैठक में चर्चा करते जिला कलक्टर अरविंद पोसवाल।

## प्रशिक्षकों के लिए साक्षात्कार 15 से

**उदयपुर, (कासं)।** भारत सरकार की योजना खेलो इण्डिया के तहत राज्य में नवीन 16 खेलो इण्डिया केन्द्र स्थापित करने के लिए एजेन्सी के माध्यम से पास्ट चैम्पियन एथलीट लगाए जाने है इसके लिए राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद जयपुर की ओर से खेलो इण्डिया केन्द्र पर प्रशिक्षण देने के इच्छुक प्रशिक्षकों को 15 जनवरी से खेल अनुसार साक्षात्कार के लिए आमन्त्रित किया है।

इस अवसर पर जिला खेल अधिकारी डॉ. महेश पालीवाल ने बताया कि इसके तहत इच्छुक प्रशिक्षक साक्षात्कार के लिए जयपुर में सवाई मानसिंह स्टेडियम स्थित राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद् मुख्यालय पर निर्धारित कार्यक्रम अनुसार सुबह 11.30 बजे उपस्थिति देना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि 15 जनवरी को कुश्ती, व बास्केटबाल, 16 को एथलेटिक्स, खो-खो व कबड्डी तथा 17 जनवरी को फुटबाल, सॉफ्टबाल, वॉलीबाल व तैराकी के लिए साक्षात्कार होंगे।

## गायों को रचका खिलाया

**राजसमंद, ०(निसं)।** भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष व वर्तमान में सिक्किम के राज्यपाल ओम माथुर के जन्मदिन पर भाजपाइयों ने 100 फीट रोड पर गायों को रचका खिलाया।

## जेवरात व नकदी चोरी

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के गोवर्धन विलास थाना क्षैत्र में स्थित मकान का अज्ञात चोर ताला तोड़ कर जेवरात व नकदी चुरा ले गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार के ब्लॉक सेक्टर 4 निवासी रामलाल पुत्र भीमाजी गुर्जर ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडित ने बताया कि मै परिवार सहित अपने गांव गया था। वापस लौटा तो मकान का ताला टूटा हुआ एवं कमरों में सामान बिखरा पड़ा था। तलाशी लेने पर 23 दिसंबर रात में अज्ञात चोर द्वारा वारदात कर चांदीकी पायल, कान के सोने के झुमके तथा20 हजार रूपये नकदी गायब थी।

# स्थानांतरण पर प्रतिबंध से नाराज शिक्षकों ने जताया विरोध

**राजसमंद, ०(निसं)।** राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) जिले के प्रतिनिधि मंडल ने जिलाध्यक्ष सतीश आचार्य के नेतृत्व में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम एडीएम नरेश बुनकर को ज्ञापन सौंप कर शिक्षकों के स्थानांतरण पर लगी रोक को हटाने की मांग की।

ज्ञापन में जिलाध्यक्ष सतीश आचार्य ने बताया की राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) प्रदेश के अधिकांश शिक्षकों का प्रतिनिधित्व करता है। प्रदेश सरकार द्वारा स्थानांतरण में शिक्षा विभाग को छूट न देने के कारण संगठन के कार्यकर्ताओं में सरकार के इस निर्णय से भारी रोष है। सरकार द्वारा शिक्षा विभाग के कार्मिकों को स्थानांतरण के लिए दी गई छूट से उपेक्षित रखा गया है जो प्रदेश के लाखों शिक्षकों के प्रति भेदभावपूर्ण रवैया है। इससे सरकार का शिक्षा के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण प्रतीत नहीं हो रहा है।

■ **प्रदेश शैक्षिक प्रकोष्ठ के संयोजक राजेश्वर त्रिपाठी ने सरकार को शिक्षा विभाग में लगी प्रबंध को हटाकर शिक्षकों के साथ न्यायपूर्ण व्यवहार करने का आग्रह किया**



एडीएम नरेश बुनकर को ज्ञापन सौंपते राजस्थान शिक्षक संघ ( राष्ट्रीय ) जिले के प्रतिनिधि मंडल।

उन्होंने बताया कि सरकार गठन के बाद अन्य सभी विभागों में स्थानांतरण से प्रतिबंध हटाकर दो बार स्थानांतरण किए हैं तब भी और अभी भी शिक्षा विभाग की उपेक्षा की गई है। जिला मंत्री सुजीत कुमार त्रिपाठी ने बताया कि शिक्षा विभाग सरकार का सबसे बडा विभाग होते हुए भी लगातार शिक्षकों की अनदेखी की जा रही है। प्रदेश सरकार के इस निर्णय से संपूर्ण शिक्षा विभाग में सरकार के प्रति भारी आक्रोश व्याप्त हो गया है। जिला संगठन मंत्री शंकरलाल माली ने कहा कि संगठन मांग करता हे कि कार्मिकों के स्थानांतरण के लिए दी गई छूट में शिक्षा विभाग को भी शामिल कर समस्त संवर्गो के स्थानांतरण किया जावे।

प्रदेश शैक्षिक प्रकोष्ठ के संयोजक राजेश्वर त्रिपाठी ने भी सरकार को शिक्षा विभाग में लगी प्रबंध को हटाकर शिक्षकों के साथ न्यायपूर्ण व्यवहार करने का आग्रह किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष सतीश आचार्य, जिला मंत्री सुजीत त्रिपाठी, प्रदेश शैक्षिक प्रकोष्ठ संयोजक राजेश्वर त्रिपाठी, महिला संगठन मंत्री कल्पना खंडेलवाल, सभा अध्यक्ष ऋषिकेश गुर्जर, कोषाध्यक्ष उदयलाल पालीवाल, विनोद आचार्य, मधु पालीवाल, पूर्व अध्यक्ष यशवंत जोशी, बसंत पालीवाल, गणेश कुमावत, रामेश्वर गुर्जर, श्यामसुंदर झंवर, अरुण प्रजापत, शिवदास बैरागी, रंजीत त्रिपाठी, बूटासिंह, पूरनसिंह, मुकेश कुमावत, मुकेश वैष्णव, दिनेश शर्मा, चंद्रशेखर ठाकुर, गोपालसिंह सहित अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

## सार-समाचार

### पूर्व कुलपति के निधन पर जताया शोक



**उदयपुर, (कासं)।** शिक्षाविद, नेता एवं एमपीयूटी के पूर्व कुलपति प्रो. आर. पी. सिंह के निधन पर जनार्दनराय नागर राजस्थान विद्यापीठ के कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत ने शोक जताते हुए इसे एक अपुरणीय क्षति बताया। प्रो. सिंह ने महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि (एमपीयूएटी), उदयपुर के कुलपति और आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि (एएनडीयूएटी), कुमारगंज, अयोध्या (पूर्व में फैजाबाद) में उप-कुलपति और प्रसार निदेशक के रूप में कार्य किया। प्रो. राजेश सिंह पुत्र प्रो. आर. पी. सिंह, जो बनारस हिंदू विवि (बीएचयू), वाराणसी में वरिष्ठ प्रोफेसर और डीडीयू विवि, गोरखपुर और पूर्णिया विवि, पूर्णिया, बिहार के पूर्व कुलपति और बिहार के तीन अन्य विश्वविद्यालयों के पूर्व कुलपति थे, ने पिछले 10 दिनों से लखनऊ के एक अस्पताल में भर्ती रहने के बाद उनके निधन की सूचना दी। प्रो. आर. पी. सिंह प्रसार और किसान सलाहकार सेवाओं के माध्यम से किसानों के लिए उनके योगदान के लिए जाने जाते हैं। वे 20 वर्षों तक आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि के पहले निदेशक प्रसार और विवि के पहले उप-कुलपति भी रहे।

### जीजीटीयू की परीक्षाएं आज से शुरू

**बांसवाड़ा, (कासं)।** गोविन्द गुरु जनजातीय विवि के 'एनईपी' बीए,बीकॉम, बीएससी फर्स्ट ईयर,सेकंड ईयर के फर्स्ट और थर्ड सेमेस्टर और एमए,एमकॉम और एम एससी के प्रीवियस-फाइनल के फर्स्ट और थर्ड सेमेस्टर की परीक्षाए 3 जनवरी से तीन पारी में शुरू होने जा रही हैं। कुलपति प्रो केशव सिंह ठाकुर ने इस परीक्षा में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों को परीक्षा के महत्व और इसमें धैर्य, नियमित उद्देश्यनिष्ट परिश्रम करने का सन्देश दिया है। कुलसचिव राजेश जोशी ने बताया कि बीए, बीकॉम, बीएसी फर्स्ट ईयर, सेकंड ईयर के फर्स्ट एवं थर्ड सेमेस्टर एमए, एमकॉम एवं एमएससी प्रीवियस, फाइनल परीक्षा के फर्स्ट-थर्ड सेमेस्टर में बांसवाड़ा ,डूँगरपुर एवं प्रतापगढ़ जिलों के करीब 6०हजार से अधिक रेगुलर, प्राइवेट विद्यार्थी सम्मिलित होंगे। परीक्षा हेतु कुल 67 परीक्षा केंद्र निर्धारित किए हैं। परीक्षा नियंत्रक प्रो मनोज पंड्या ने बताया कि विश्वविद्यालय ने परीक्षा को पूरी तरह से पारदर्शी क्रियान्वयन हेतु परीक्षा केन्द्रों के औचक निरीक्षण हेतु दल गठित किए हैं जो केन्द्रों का औचक निरीक्षण करेंगे। इसके अलावा विवि ने परीक्षा के सुचारू सञ्चालन के लिए सभी केन्द्राधीक्षकों को विशेष निर्देश प्रदान किए हैं जिनके द्वारा केंद्र स्तर पर भी फ्लाइंग स्क्वाड का गठन करने के निर्देश दिए हैं।

### महिला के जेवरात ठगे

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के सूरजपोल थाना पुलिस ने दो बदमाशों के खिलाफ महिला के जेवरात की ठगी कर ले जाने का प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित सौरभ पुत्र राजेश विधानी निवासी कमलावाड़ी ने दो अज्ञात बदमाशों के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि मेरी दादी कमला विधानी (55) जो 9 दिसंबर को घर से स्थल मंदिर दर्शन करने के लिए जा रही थी। जहां बीच रास्ते सूरजपोल खटीकवाड़ा में मिले दो अज्ञात व्यक्ति आगे झगड़ा होने की बात कहते हुए जेवरात उतरवा कर पास में रखने को कहा। इस दौरान पास खड़े व्यक्ति ने भी अपने जेवरात उतार कर जेब में रख लिए थे। इसको देख मेरी दादी ने करीब आठ तोला वजनी दो सोने की चूडिया खोल दी। इस दौरान बदमाशों ने रूमाल में रखी चूडिया अपने पास रख कर दूसरे रूकाम को बैग में रख कर रवाना हो गए। कूछ ही दूरी पर पहुंचने के बाद शंका होने पर बैग में हाथ डाल कर देखा तो रूमाल में पत्थर थे। इस पर पुलिस को सूचना कर प्रकरण दर्ज करवाया।

### धोखे से नकदी हड़पी

**उदयपुर, (कासं)।** कूटरचित दस्तावेज से भूखंड बेच पीडित से लाखों की नकदी हडपने वाले दो आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित नजमा बानू पत्नी अलताफ हुसैन निवासी मोहल्ला डूंगला चित्तौड़गढ ने आरोपी अकील मंसूरी पुत्र माजिद हुसैन निवासी उदयसागर चौराहा कमलेश जैन पुत्र गोपीलाल निवासी नाहर मगरा के खिलाफ पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि देबारी पेसिफिक युनिवर्सीटी के समीप गत दिनों एक भूखण्ड बेचने की बात तय होने पर 11 लाख 50 हजार रूपये का भुगतान किया। इस पर आरोपियों ने रजिस्ट्री करवाई। कुछ समय बाद मौके पर पहुंच कर पडताल की तो धोखाधड़ी होने की जानकारी सामने आई । आरोपी अकील मंसूरी के खिलाफ कूट रचित दस्तावेज से भूखण्ड बेच कर पीडितों से नकदी हडपने के करीब छह प्रकरण पूर्व में दर्ज है।

### धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के सविना थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ किराए पर ली गई माइन्स की मशीनरी खुर्दबुर्द कर पीडित के साथ धोखाधड़ी करने का प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित सुरेश अठावाल पुत्र बंशीलाल निवासी एमपी कॉलोनी सेक्टर14ने भूपेन्द्रसिंह निवासी अमरतीया गुलाबपुरा भीलवाड़ा व साथी जितेन्द्रसिंह टांक निवासी शिकारवाड़ी के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि मै ठेकेदारी का काम करता हू तथा आरोपी भी ठेकेदारी का काम करता है । संपर्क होने से उसने मुझसे डंपर किराए पर लिया था। कुछ समय बाद 2019 में जावरमाइन्स स्थित बेसिन प्लांट को 30 लाख रूपये में किराए पर लिया। निर्धारित समय पर पडताल की तो आरोपियों ने मिल कर माइन्स में रखी मशीनरी को खुर्द बुर्द कर दिया। पूछताछ करने पर आरोपियों ने कोई संतोषप्रद जवाब नहीं दिया।

### सांसद मेवाड ने सुनी समस्याएं

**राजसमंद, ०(निसं)।** सांसद महिमा कुमारी मेवाड ने ब्यावर दौरे के दौरान सेंदडा रेलवे स्टेशन पर आमजन की समस्याएं सुनी। आमजन ने कोरोना से पहले चलने वाली कुछ ट्रेनों का ठहराव वर्तमान में नहीं होने की समस्या से अवगत कराया, जिस पर उन्होंने मौके पर ही डीआरएम अजमेर को फोन पर बात करके समाधान के निर्देश दिए। इस दौरान लोगों ने अन्य समस्याओं को लेकर भी सांसद से चर्चा की।सांसद महिमा कुमारी मेवाड ने ब्यावर के महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम उमावि जवाजा का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान विद्यालय परिसर में खेल मैदान जल भराव होने की समस्या सामने आने पर मौकें पर ही विकास अधिकारी को मैदान का समतलीकरण करने और साफ-सफाई के निर्देश दिए। उन्होंने यहां बच्चों से अध्ययन, खेल सहित अन्य विषयों पर बात करके जीवन में आगे बढने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आमजन समस्याओं को लेकर कभी भी संपर्क कर सकते हैं।

## बैठक 7 को

**उदयपुर, (कासं)।** जिला पर्यावरण समिति की बैठक 7 जनवरी को जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में आयोजित होगी।समिति के सदस्य सचिव एवं उप वनरक्षक अजय चित्तौड़ा ने बताया कि बैठक में पर्यावरण व पौधारोपण संरक्षण के बारे में ज्पॉलीथिन के उपयोग पर प्रतिबंध, पहाड़ियों की खुदाई व कटान, अवैध बजरी खनन व जल प्रदूषण रोकने आदि विषयों पर चर्चा होगी।


**एस.के.फाइनेंस लिमिटेड**
(CIN : U65923RJ1994PLC009051)
पंजीकृत कार्यालय: जी 1-2, न्यू मार्केट, खासा कोठी सर्किल, जयपुर- 302001 टोल फ्री: 1800 1039 039
ई-मेल: info@sfkin.in

**शाखा कार्यालय स्थानान्तरण करने हेतु सार्वजनिक सूचना**

सर्वसूचित किया जाता है कि कम्पनी प्रबंधक के निर्णयानुसार हम अपनी **मंगलवाड शाखा** को नये पते पर स्थानान्तरित कर रहे हैं:-
**पुराना पता**- सरकारी अस्पताल के पास, डूंगला रोड, मंगलवाड चौराहा, मंगलवाड, चित्तौड़गढ़-312024 (राजस्थान)
**नया पता**- खसरा नं. 2308/214, ग्राउंड फ्लोर, उदयपुर रोड, मंगलवाड, जिला चित्तौड़गढ़, राजस्थान-312024
अतः हम अपने सभी ग्राहकों से अनुरोध करते है कि भविष्य में हमारी किसी भी तरह की लोन सुविधाओं के लिए हमारे नये पते पर संपर्क करें ।

**भुगतान रसीद पुस्तिका के खो जाने की सार्वजनिक सूचना**

यह आम जनता के ध्यान में लाया जाता है कि एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड से संबंधित अनुलग्नक ए में उल्लिखित मूल भुगतान रसीदें खो गई हैं, गुम हो गई है और उनका पता नहीं लगाया जा सकता है। यदि किसी व्यक्ति / व्यक्तियों को यह मिलती है तो उनसे अनुरोध है कि वे तुरंत नीचे दिए गए पते पर बैंक को रसीदें लौटा दें। इसके अलावा, कोई भी व्यक्ति इन रसीदों से कोई लेन-देन नहीं करेगा और एयू स्माल फायनेन्स बैंक लि. किसी भी तरह से इन रसीदों के किसी भी तरह के दुरूपयोग के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

पता-एयू स्माल फायनेंस बैंक लि., ग्राउण्ड फ्लोर, कामेश्वर मार्केट, बस स्टेण्ड के पास, ग्राम पोस्ट-सराडा, जिला-उदयपुर, राजस्थान-313902

अनुलग्नक-ए

| क्रम सं. | खोने की तिथी | रसीद बुक नं. | रसीद नम्बर |
|---|---|---|---|
| 1 | 21.12.2024 | 17300 | 0432497 से 0432500 |